देहरादून, शनिवार
19 जून, 2021
गढ़वाल संस्करण *
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16

दैनिक जागरण

# मृदा में उर्वरकों का करें संतुलित प्रयोग किसान : कृषि विज्ञानी

**जागरण संवाददाता, उत्तरकाशी :** विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के कृषि विज्ञान केंद्र चिन्यालीसौड़ में भारत का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत आयोजित आनलाइन गोष्ठी में उर्वरकों का संतुलित प्रयोग को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए केंद्र के प्रधान विज्ञानी एवं अध्यक्ष डा. चित्रांगद सिंह राघव ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य एवं पोषक तत्वों के महत्व के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि मृदा में मुख्य एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों के संतुलन को बनाए रखने से ही हमारे खेतों की उत्पादकता बढ़ सकती है। कार्यक्रम में केंद्र के उद्यान विशेषज्ञ डा. पंकज नौटियाल ने किसानों को ड्रिप फर्टिगेशन के उपयोग एवं पौधों के लिए जल की उपलब्धता के विभिन्न तरीकों के बारे में बताया। केंद्र के कृषि प्रसार विशेषज्ञ डा. गौरव पपनै ने जैविक उर्वरक एवं इनकी महत्ता, वर्मी कम्पोस्ट, वर्मी बेड और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। वरुण सुप्याल ने प्रजेंटेशन के माध्यम से किसानों को मृदा स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारियों से अवगत कराया।